Email: directoracad.cbse@nic.in
Webite: www.cbseacademic.in
Tel: 011-23212603
Tele Fax: 011-23234324

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

---

**के.मा.शि.बो./शै./ नि. (शै.अ.प्र.न.)/2015** **दिनांक: 10 फरवरी, 2015**
**परिपत्र संख्या-शैक्षणिक. 13/2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय : *21फरवरी , 2015 को मातृभाषा दिवस (Mother Tongue day) का आयोजन |***

**प्रिय प्रधानाचार्य ,**

***मातृभाषा में सराबोर सब हैं मगन, आइये करें मातृभाषा दिवस का आयोजन !***

**यूनेस्को (UNESCO)** ने सम्पूर्ण संसार में मातृभाषाओं के प्रचार के विकास के लिए प्रतिवर्ष **21फरवरी , 2015** को मातृभाषा दिवस घोषित किया है | समझ, सहनशक्ति और संलाप पर आधारित समन्वय की भावना को प्रेरित करने हेतु यूनेस्को ने सभी मातृभाषाओं के विकास के प्रचार के लिए भाषा-विज्ञान और सांस्कृतिक परम्पराओं के प्रति सम्पूर्ण विश्व में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु 21फरवरी को **अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा-दिवस घोषित** किया है | यह निर्णय लिया गया है कि मातृभाषाओं के विकास के लिए और निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु **21फरवरी , 2015 को मातृभाषा-दिवस** मनाया जाए :

i. राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए मातृभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं के अधिक प्रयोग के लिए लोगों को संवेदनशील बनाना
ii. अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों के छात्रों में मातृभाषा और अन्य भारतीय भाषाओं में सम्प्रेषण-कौशल और निपुणता प्रसारित करना
iii. अन्य भाषाओं से मातृभाषा में अनुवाद करने को समर्थन देना |
iv. भारतीय भाषाओं में 'ज्ञान सृजन' की निपुणता उत्पन्न करना |
v. भारतीय भाषाओं के लिए आधुनिकतम तकनीकों की अनुकूलता को लोकप्रिय बनाना |
vi. लोगों को एक और भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करना |

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 21 फरवरी, 2015** को बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के लिए मातृभाषा दिवस मनाने का सुझाव देता है |

**क्या प्रोत्साहित किया जाए**

- **भारतीय भाषाओं/छात्रों की मातृभाषा** को एक दिवसीय गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए |

**क्या संदर्भ किया**

- भारतीय भाषाओं/छात्रों की मातृभाषा से संबधित प्राचीन कलाकृतियों / शिल्पकृतियों को इसके लिए उद्धृत किया जाए |
- **इन कलाकृतियों में साहित्य/गीत/भारतीय भाषाओं/ छात्रों की मातृभाषा में अनुवाद सम्मिलित हों |**

**क्या किया जाए ?**

ऊपर दिए गए छह उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विद्यालय निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं:

अ. विद्यालयों में भाषा पर्व का आयोजन :

i. गीत-गायन प्रतियोगिताएं, जिनमें मातृभाषा/ विभिन्न भारतीय भाषाओं में समूह गीत गाए जाते हैं |

ii. अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओ जैसे वाग्मिता/ वाद-विवाद/ सृजनात्मक लेखन का आयोजन हो |

iii. अ) भारतीय मातृभाषा में सामान्य-ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन हो |

आ) शुद्ध भाषा प्रयोग / ( किसी विदेशी/ अन्य भाषा के शब्दों का प्रयोग किये बिना मातृभाषा में लिखना या बोलना) प्रोत्साहित किया जाए |

इ ) अन्य किसी भाषा के साहित्यिक अंश का मातृभाषा में अनुवाद |

iv. आधुनिक विषयों पर मातृभाषा में वाग्मिता का आयोजन |

v. भारत में भाषाओं की विविधता और इसकी समृद्ध धरोहर पर पोस्टर/चार्ट और सूचना पर प्रदर्शनी का आयोजन हो |

vi. छात्रों/ अध्यापकों/ अन्य लोगों द्वारा ऐसे मंडपों का आयोजन, जहाँ अन्य भाषाओं से पहचान करवाई जाए या कुछ वाक्य बोलने सिखाये जाते हों ताकि उन भाषाओं की लहज़ा महसूस किया जा सके |

vii. कक्षाओं/ घरों/ स्कूलों में विभिन्न भाषाओं के खेलों को मातृभाषाओं/ भारतीय भाषाओं में प्रारम्भ किया जाए |

viii. मातृभाषा को प्रोत्साहित करने के लिए कोई सृजनात्मक कार्यक्रम / विचार |

आ. ***मातृभाषा-दिवस (Mother Tongue Day)*** सभी को किसी भारतीय भाषा (जिससे वह अपरिचित हैं) के कुछ वाक्यों को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना |

इस बात का ध्यान रखा जाए कि ऊपर लिखी गयी गतिविधियों के अंतर्गत निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला जाए –

i. मातृभाषा का महत्त्व

ii. चार भाषा-कौशलों को प्राप्त करने की आवश्यकता – मातृभाषा में सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना विशेष रूप से विचार-संप्रेक्षण कौशल/ मातृभाषा में कुशलता |

iii. सभी भारतीय भाषाओं का विकास और रक्षण

iv. अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने और उनकी प्रशंसा करने की प्रवृत्ति |

v. अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने के लाभ |

उपरोक्त लक्ष्यों का कार्यान्वयन करने हेतु ऊपर सुझाई गयी गतिविधियों के अतिरिक्त **वर्ष भर चलने वाली गतिविधियाँ/ कार्यक्रम प्रारम्भ** किये जा सकते हैं:

**संलग्नक -1** में दी गईं गतिविधियों की रिपोर्ट एक लघु ऑडियो / वीडियो क्लिपिंग /तस्वीरें (5 MB से अधिक न हों) **सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय में 2 मार्च, 2015** तक मेल कर दी जाएँ | क्षेत्रीय कार्यालय उन्हें ई-रिपोर्ट में संकलित करके cbseoutreach@gmail.com पर भेज दें |

अधिक जानकारी के लिए आप **डॉ प्रज्ञा एम सिंह , संयुक्त निदेशक को 011-23215130 पर संपर्क कर सकते हैं** या **praggyasingh.cbse@gmail.com** पर लिख सकते हैं |

आपकी सक्रिय प्रतिभागिता की प्रतीक्षा में

**हस्ताक्षरित/-**

**डॉ. साधना पाराशर**

**निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**निवेदन के साथ, सभी निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना देने के लिए प्रतिलिपि:**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इन्सटिट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 आर्मी एडुकेशन के अपर निदेशक जनरल, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 सभी क्षेत्रीय निदेशक। के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति भेजने के अनुरोध के साथ।
12 सभी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
13 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/अप निदेशक/सह-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
14 के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध के साथ अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी)
15 सभी सहायक प्रोफेसर एवं अपर निदेशक, के.मा.शि.बो.
16 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
17 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
18 असिस्टेंट लाइब्रेरियन, के.मा.शि.बो.
19 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
20 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
21 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
22 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
23 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के अनुभाग अधिकारी
24 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
25 प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार), के.मा.शि.बो. के निजी सहायक
26 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक
27 निदेशक (एडुसैट) के निजी सहायक

**निदेशक (शैक्षणिक, अनुसन्धान, प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**संलग्नक – 1**

**21 फरवरी , 2015 को मातृभाषा – दिवस मनाने के लिए आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट का प्रारूप**

1. **विद्यालय का नाम** ____________________________________________
2. **घर का पता (राज्य के साथ )** ____________________________________________
3. **संपर्क फोन संख्या** ________________________ **ई मेल आई डी** ________________________
4. **विवरण :**

| राज्य | विद्यालय का नाम और पता | विद्यालय की संपर्क संख्या | कुल छात्र | विद्यालय में लड़कियों की संख्या | विद्यालय में लड़कों की संख्या | स्थिति नगरीय/ ग्रामीण | विद्यालयीय गतिविधियों के लिए प्रयोग की जाने वाली मातृभाषाएँ | आयोजित गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

5. **विद्यालय में आयोजित गतिविधियों पर लेख**

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

(और पृष्ठ लगाए जा सकते हैं | **कृपया संख्या 5 पर दिए गए लेख के समर्थन में ऑडियो / वीडियो/ तस्वीरें संलग्न करें |**

6. **वर्ष भर के लिए लागू किये गए कार्यक्रम / गतिविधियाँ** ____________________________________________